लोक सभा अध्यक्ष ने नीरज चोपड़ा और बजरंग पूनिया को टोक्यो ओलंपिक्स में जीत पर बधाई दी

नीरज चोपड़ा ने भारत को स्वर्णिम पल दिया है : लोक सभा अध्यक्ष

चोपड़ा की जीत नए भारत के युवाओं की क्षमताओं का प्रतीक है : श्री ओम बिरला

पूनिया ने देशवासियों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है : श्री ओम

चोपड़ा और पूनिया की जीत से देश में उत्सव का माहौल है : श्री बिरला

चोपड़ा और पूनिया की जीत अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी: श्री बिरला

नई दिल्ली, 7 अगस्त, 2021: लोक सभा अध्यक्ष ने एथलीट नीरज चोपड़ा और पहलवान बजरंग पूनिया को टोक्यो ओलंपिक्स में क्रमशः स्वर्ण पदक और कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा :

"नीरज चोपड़ा ने आखिर देश को वह स्वर्णिम पल दिया जिसका सभी को इंतज़ार था। जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतना हमारे युवाओं की क्षमताओं का प्रतीक है जो असंभव को संभव करने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाते हैं।बहुत-बहुत बधाई।"

श्री बिरला ने यह भी कहा, "यह वह पल हैं जिनके लिए एक एथलीट जिंदगी भर मेहनत करता है। उसके परिश्रम से तिरंगा लहराए, चारों ओर राष्ट्रगान गूंजे, इससे अद्भुत व यादगार कुछ नहीं हो सकता। यह देश का पहला स्वर्ण पदक नहीं बल्कि नए भारत का नया इतिहास रचने की ओर पहला कदम है।"

बजरंग पूनिया को बधाई देते हुए, लोक सभा अध्यक्ष ने कहा :

"टोक्यो ओलंपिक्स में कांस्य पदक जीतने पर पहलवान श्री बजरंग पूनिया को बधाई। उन्होंने देशवासियों की उम्मीदों को पूरा करते हुए भारत को गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि से देश में उत्सव का माहौल है और मुझे विश्वास है कि आज की यह जीत भविष्य के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।"

श्री बिरला ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक्स में नीरज चोपड़ा और बजरंग पूनिया की जीत से अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।